समाचार

# कोसाबाड़ी जोन के 09 वार्डो को आज मिली 05 करोड़ 23 लाख रू. के विकास कार्यो की सौगात

## ( उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने किया विकास कार्यो का भूमिपूजन )

### (सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पार्षद व पूर्व सभापति अशोक चावलानी, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन सहित वार्ड पार्षदों, जनप्रतिनिधियों की रही विशेष उपस्थिति )




कोरबा 28 दिसम्बर 2025 –नगर पालिक निगम कोरबा के कोसाबाड़ी जोनांतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 19, 20, 22, 23, 24, 25, 35, 36 एवं 37 को आज 05 करोड़ 23 लाख रूपये के 22 नए विकास कार्यो की सौगात प्राप्त हुई। आर्य शिशु मंदिर बुधवारी व सतनाम नगर रिसदी में आयोजित पृथक–पृथक भूमिपूजन कार्यक्रम में प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में इन विकास कार्यो का भूमिपूजन उनके

करकमलों से किया गया। इस मौके पर निगम के सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, पूर्व सभापति व वरिष्ठ पार्षद श्री अशोक चावलानी, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन सहित वार्ड पार्षदों व जनप्रतिनिधियों की विशेष उपस्थिति रही।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 19 अंतर्गत प्राथ. शाला मानस नगर में 10 लाख रूपये की लागत से अहाता निर्माण कार्य, सुलभ शौचालय निहारिका, सुभाष चौक के बगल में 05 लाख रूपये की लागत से सांस्कृतिक मंच का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 20 अंतर्गत सामुदायिक भवन में 04 लाख रूपये की लागत से किचन शेड का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 22 अंतर्गत 10 लाख रूपये की लागत से शेड निर्माण एवं निर्माण कार्य (आरामशीन शिव मंदिर के पास), वार्ड क्र. 23 अंतर्गत गांधी चौक से बजरंग चौक तक एवं गढ़कलेवा से आर्य शिशु मंदिर तक 30 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 24 निहारिका पानी टंकी से वीर सावरकर होते हुए गरिमा मेडिकल तक 40 लाख रूपये की लागत से आर.सी. सी. नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 24 दशहरा मैदान सामुदायिक भवन के पास 10 लाख रूपये की लागत से शेड निर्माण व अन्य विस्तार कार्य, वार्ड क्र. 25 अंतर्गत एल.आई.जी 1 से 30, एल. आई.जी 57 से 82, एल.आई.जी 101 से 150 में 40 लाख रूपये की लागत से नाली निर्माण कार्य , वार्ड क्रमांक 35 अंतर्गत शंकर नगर औद्योगिक क्षेत्र सरोज पटेल के घर से विपिन शर्मा के घर तक 05 लाख रूपये की लागत से सी.सी रोड का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 35 अंतर्गत 15 लाख रूपये की लागत से किचन शेड स्टोर रूम सहित मंच एवं हॉल निर्माण कार्य (आदिवासी उरावं सरना समाज सर्वाजनिक उपयोग हेतु झगरहा डिहीपारा कोरकोमा रोड), वार्ड क्र. 35 न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी खरमोरा गेट से मेन रोड तक 15 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 35 अंतर्गत मेन रोड स्थित 09 लाख 82 हजार रूपये की लागत से सामुदायिक भवन जीर्णोद्धार एवं अन्य विकस कार्य, वार्ड क्र. 35 खरमोरा अंतर्गत प्रायमरी स्कूल के सामने स्थित 09 लाख 65 हजार रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का जीर्णोद्धार एवं अन्य विकास कार्य, वार्ड क्र. 36 अंतर्गत मेमन शॉप से रेलवे घाट तक 100 बेड हॉस्पिटल के सामने 01 करोड़ 93 लाख 92 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 36 अंतर्गत सतनाम नगर स्थित 14 लाख 74 हजार रूपये की लागत से शासकीय प्राथमिक शाला भवन एवं आहता निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 36 अंतर्गत शास.मा.शा. पी.डब्ल्यू.डी. रामपुर में 16 लाख 59 हजार रूपये की लागत से नवीन शाला भवन का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 36 अंतर्गत 100 बेड हॉस्टिपल के कैम्पस में 39 लाख 60 हजार रूपये की लागत से वेटिंग हॉल का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 36 डिंगापुर ओम फ्लेट के पास मुख्य मार्ग से सुमन घर होते हुए रम्भा पटेल घर तक 05 लाख रूपये की लागत से आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्. 36 अंतर्गत प्राथ. शाला सतनाम नगर रिसदी में 13 लाख रूपये की लागत से अहाता निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 37 अंतर्गत सिंचाई कॉलोनी आई.टी.आई. रामपुर में पुराना आंगनबाडी के पास 05 लाख रूपये की लागत से सार्वजनिक मंच निर्माण कार्य, वार्ड क्रं 37 अंतर्गत शास.प्राथ.शाला पीडब्ल्यूडी रामपुर में 15 लाख 53 हजार रूपये की लागत से नवीन शाला भवन निर्माण कार्य तथा वार्ड क्र. 37 रामपुर बजरंगबली मंदिर के पास स्थित 15 लाख रूपये की लागत से तालाब का उन्नयन कार्य का भूमिपूजन उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के द्वारा किया गया।

**मुख्यमंत्री के नेतृत्व में एक बार फिर हो रहा छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास** – इस अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से दिए गए अपने उद्‌बोधन में उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के कुशल मार्गदर्शन में एक बार फिर हमारा छत्तीसगढ़ राज्य विकास के पथ

पर तेजी से अग्रसर हो चला है, इसके पूर्व डॉ.रमन सिंह जब 15 वर्ष तक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री रहे, तो उनके कार्यकाल में छत्तीसगढ़ का सर्वांगीण विकास हुआ, दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की गई तथा उन्होने छत्तीसगढ़ को देश के अन्य बड़े प्रदेशों के समकक्ष लाकर खड़ा किया, अब पुनः उन बंद पड़ी योजनाओं को हमारी सरकार द्वारा प्रारंभ किया गया है, विकास के सभी क्षेत्रों में तेजी से कार्य हो रहे हैं, नए–नए उद्योग, धंधों के कारण रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं तथा गांव, किसान, मजदूर, महिला, युवा सभी के हित में योजनाएं चलाई जा रही हैं। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने आगे कहा कि हमारी सरकार केवल वायदा नहीं करती, बल्कि वायदों को समयसीमा पर पूरा भी करती है। उन्होने कहा कि जहॉं तक कोरबा के विकास का प्रश्न है, तो विगत 02 वर्षो के दौरान लगभग 800 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्य स्वीकृत कराए गए हैं तथा सभी 67 वार्डो में बिना किसी भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य हो रहे हैं।

**विकास कार्यो के लिए धनराशि की कोई कमी नहीं** – इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अपने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में कहा कि कोरबा के विकास के लिए धनराशि की कोई कमी नहीं है, हम सबका सौभाग्य है कि प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरूण साव व उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन व आशीर्वाद से नगर निगम कोरबा को विकास कार्यो हेतु लगातार फंड प्राप्त हो रहा है तथा यहॉं से विकास कार्य के जो भी प्रस्ताव उनके समक्ष प्रस्तुत होते हैं, उनके द्वारा उन पर तत्काल स्वीकृति प्रदान की जा रही है, इसी के परिणाम स्वरूप नगर निगम क्षेत्र के वार्डो में लगातार नए–नए विकास कार्य प्रारंभ हो रहे हैं। उन्होने कहा कि कोरबा की जनता ने उद्योग मंत्री श्री देवांगन एवं मुझ पर अपना जो भरोसा व्यक्त किया है, उस भरोसे को कायम रखा जाएगा, यह मैं विश्वास दिलाती हूँ।

इस मौके पर सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर एवं पूर्व सभापति व वरिष्ठ पार्षद अशोक चावलानी, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन के साथ ही एम.आई.सी.सदस्य अजयकुमार गोंड़ व ममता यादव, पंकज देवांगन, प्रताप सिंह कंवर, मुकुंद सिंह कंवर, राकेश वर्मा, भाजपा कोसाबाड़ी मण्डल अध्यक्ष राजेश राठौर, पूर्व मण्डल अध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, स्वाती कश्यप, प्रीति चौहान, श्रीधर द्विवेदी, नरेन्द्र पाटनवार आकाश श्रीवास्तव, दीपक यादव, मनोज राजपूत, अनिल यादव, पुनीराम साहू, निगम के जोन कमिश्नर भूषण उरांव, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, उप अभियंता अंजुला अनंत, सुरेन्द्र राजवाड़े, गायत्री राठौर, मोनू आदिले, श्याम साहू, मीरा साहू, सत्यवती तिवारी, निर्मला चक्रधारी आदि के साथ काफी संख्या में आमनागरिकगण उपस्थित थे।